कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर

विज्ञप्ति

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0 3406/एसएलएसए–23/2016 दिनांकित 10.09.2024 के निर्देशानुसार जनपद में गठित स्थाई लोक अदालत गाजीपुर हेतु चपरासी के 01 पद पर सेवानिवृत्त कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है।

उपरोक्त के अनुपालन में माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0 1324/एसएलएस–23/2016 दिनांकित 07.09.2020 में दिये गये निर्देशानुसार दीवानी न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियों से जिनकी उम्र 65 वर्ष से कम हो। अधिकतम 02 वर्ष या 65 वर्ष तक की आयु इनमें से जो पहले हो, तक के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जानी है। उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर में प्रस्तुत कर सकते है। सेवानिवृत्त सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

पद की संख्या एवं मानदेय का विवरण निम्नवत हैः–

पद का नाम	पदों की संख्या	नियत मानदेय
चपरासी	01	7000/–प्रतिमाह

योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 21.10.2024 को 10:30 बजे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर में आयोजित किया जायेगा। इसकी सूचना योग्य अभ्यर्थी को मोबाईल नम्बर पर दी जायेगी। साक्षात्कार के समय अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा।

निर्धारित प्रारूप साथ में संलग्न है।

दिनांक–30.09.2024

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
गाजीपुर।

प्रतिलिपि–

1. केन्द्रीय नाजिर, कलेक्ट्रेट, गाजीपुर को एक प्रति सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
2. सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, गाजीपुर को जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. जिला सूचना अधिकारी, गाजीपुर को प्रकाशन हेतु।
4. उप नाजिर, वाह्य न्यायालय सैदपुर, मोहम्मदाबाद एवं ग्राम न्यायालय जमानिया, जखनियां को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, गाजीपुर।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
गाजीपुर।